# उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का हुआ भव्य समापन



देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में अन्तरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम गोलापार, हल्द्वानी में 38वें राष्ट्रीय खेल का समापन समारोह आयोजित किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी. ऊषा ने 38वें राष्ट्रीय खेल के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले सर्विसेज, महाराष्ट्र और हरियाणा को सम्मानित किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखण्ड के चारों धामों के देवी देवताओं को प्रणाम करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी ने उत्तराखंड के हर जिले में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने देवभूमि को राष्ट्रीय खेलों के नक्शे पर 25वें स्थान से 7वें स्थान पर लाने का कार्य किया है। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के विजेता खिलाड़ियों ने देवभूमि को खेल भूमि बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सभी उत्तराखंड के विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की आयोजन समिति एवं खेल संगठनों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए पूरे देश में उत्तराखंड की तारीफ हो रही है। पूरा देश उत्तराखंड द्वारा की गई शानदार व्यवस्थाओं के गुणगान कर रहा है। भौगोलिक कठिनाइयों के बावजूद उत्तराखंड राज्य ने मुख्यमंत्री श्री धामी के नेतृत्व में इस कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पन्न किया है। उन्होंने 38वें राष्ट्रीय खेल के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार और जीत का खेल से मतलब नहीं है। जीत का जज्बा और हार से निराश न होना, ये खेल का संदेश है। हारने वाले खिलाड़ियों के लिए अगली बार मेडल लाने का मौका है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी के नेतृत्व में 38वें राष्ट्रीय खेलों में इको- फ्रेंडली प्रैक्टिसेज एवं इको फ्रेंडली गेम को धरातल में उतारा गया है। खिलाड़ियों के नाम पर पौधारोपण किया गया। राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों द्वारा कई नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए गए हैं, इन रिकॉर्डों से अंतरराष्ट्रीय खेलों में भी भारत के लिए पदक की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा राष्ट्रीय खेलो की यह मशाल उत्तराखंड से अब मेघालय जाएगी। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने यह निर्णय लिया है कि नॉर्थ ईस्ट के सभी राज्यों में कुछ खेलों के आयोजन से पूरे नॉर्थ ईस्ट को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने मेघालय के मुख्यमंत्री श्री संगमा को आगामी राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के वातावरण में सकारात्मक बदलाव आया है। देश भर के कई जिलों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर, कोचिंग की व्यवस्था, खिलाड़ियो को प्रोत्साहन और पारदर्शी चयन के माध्यम से आज विश्व के खेल पटल पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा भारत के खेलों का भविष्य उज्ज्वल है। खेलों में हर बार नए कीर्तिमान स्थापित हो इसकी व्यवस्था केंद्रीय खेल मंत्री ने की है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी ने फिट इंडिया और खेलो इंडिया के माध्यम से युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाया है। खेल हमें हारने के बाद जितने के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सफलता सिर्फ शारीरिक क्षमता से नहीं बल्कि दृढ़ निश्चय और मजबूत मन से प्राप्त होती है। अथक परिश्रम और निरंतर प्रयास खिलाड़ियों को आगे ले जाएगी। इन सभी के माध्यम से खिलाड़ी मेडल तक की यात्रा तय कर सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए। आज हर खिलाड़ी प्रधानमंत्री श्री मोदी को खेल मित्र के रूप में मानता है। उन्होंने कहा 2014 में खेल बजट 800 करोड़ था, जो 2025 - 26 में खेल बजट 3800 करोड़ तक पहुंचाया है। अंतरराष्ट्रीय मंचों में भी हमारे खिलाड़ियों ने तिरंगे का मान बढ़ाया है।

# राज्य का प्रथम डेडिकेटेड कम्प्यूटर कियोस्क सेन्टर तैयार, शीघ्र होने जा रहा लोकार्पण



देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। जिलाधिकारी सविन बंसल ने भूमि फर्जीवाड़ा रोकने हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाने तथा जनमानस को फर्जीवाड़े से बचाने के लिए जागरूक करने हेतु व्यवस्था बनाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राज्य का प्रथम डेडिकेटेड कम्प्यूटर कियोस्क तैयार हो गया है जल्द ही इसका लोकार्पण किया जाएगा। जनमानस को भूमि फर्जीवाड़े से बचाने के लिए जिलाधिकारी एक और अभिनव प्रयास है जो राज्य के प्रथम डेडिकेटड कम्प्यूटर कियोस्क सेन्टर तैयार किया गया है। विगत नवम्बर माह में जिलाधिकारी ने बैठक करते हुए डेडिकेटेड कम्प्यूटर कियोस्क सेन्टर तैयार करने के निर्देश दिए थे जिसके क्रम में रजिस्ट्रार कार्यालय के समीप कम्प्यूटर कियोस्क तैयार किया गया है। जिस पर सामान्य नागरिक रजिस्ट्री आफिस के समीप बने इस डेडिकेटेट कम्प्यूटर कियोस्क, जिस पर सामान्य नागरिक ई-रिजस्टेऱेशन वेबसाईट से ले पाएंगे भूमि सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। राज्य के इस प्रथम डेडिकेटेट कम्प्यूटर कियोस्क, जिस पर सामान्य नागरिक ई-रिजस्टेऱेशन वेबसाईट से ले पाएंगे भूमि सम्बन्धी जानकारी डेडिकेटेट कम्प्यूटर कियोस्क के माध्यम से बिचौलियों/दलालों की चौन टूटेगी। जनमानस में जागरूकता लाने हेतु रजिस्ट्री से पूर्व किन-किन बिन्दुओं पर ध्यान रखना है, इसके लिए कार्यालयों पर लगाए जाएं फ्लैक्स। रजिस्ट्रार कार्यालय की लचर कार्यप्रणाली पर लगाई फटकार, एडीएम को एक सप्ताह के भीतर पूरी तैयारी के साथ बैठक कराने के दिए निर्देश। डीएम ने कहा अधिकतम भूमि धोखाधड़ी का मुख्य कारण जनमानस को रजिस्ट्री लैण्ड रिकार्ड की पूर्व जानकारी न होना है, इसका गैप पूर्ण किया जाए पूर्ण जन सूचना गैप, भूमि क्रय विक्रय से पूर्व हो खतौनी, दाखिला चौक, आईडी की हो जांच।

# 27 प्रतिभायें हुई रुद्र गौरव सम्मान से सम्मानित, कैलाश खण्डूरी को लाइफ टाइम अचींवमेंट अवार्ड



रूद्रप्रयाग, वीर अर्जुन संवाददाता। रूद्रप्रयाग प्रेस क्लब समिति द्वारा रूर्द्रप्रयाग मुख्यालय में रूद्र गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता, शिक्षा, कृषि बागवानी, पर्यावरण, साहित्य एवं समाज सेवा से जुड़े 28 प्रतिभाओं को रूद्र गौरव सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि रूद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमलेश उनियाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात माईगोंविदगिरी सरस्वती विद्या मंदिर व अटल उत्कृष्ट मुख्य अतिथि विधायक रूद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी ने पत्रकारों की समाज के निर्माण में भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता का व्यवसायीकरण हो चुका है मगर अधिकांश लोग अभी भी समाजिक सेवा की तर्ज पर पत्रकारिता कर रहे हैं। उन्होंने नई पीढ़ी के पत्रकारों का आवाह्न किया कि वे अपने लग्न मेहनत और सतत् प्रयास के बाद पत्रकारिता के ऊँचे शिखर का छूवें। उन्होंने पत्रकारों का भरपूर सहयोग करने का भरोसा दिया। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि जनता की समस्याओं के प्रति पत्रकार सदैव सजग रहते हैं और जनता के दुखः दर्द को समाज व शासन-प्रशासन के सामने लाकर के समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और किसी भी मुद्दे पर जनमत तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कमलेश उनियाल ने कहा कि रूद्रप्रयाग प्रेस क्लब समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य करने वाले 28 प्रतिभाओं को रूद्र गौरव सम्मान से सम्मानित कर एक नई पहल शुरू की है जो सराहनीय है। उन्होंने कहा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ द्वारा दिया गया यह सम्मान अपने आप में श्रेष्ट है। उन्होंने आयोजनक मण्डल व सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को बधाई दी है। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेवी संजय शर्मा दरमोड़ा ने कहा कि जिन लोगों को आज सम्मानित किया गया है अब उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है कि वे अपने अपने क्षेत्रों में और अधिक लग्न और मेहनत से आगे बढ़कर जनपद का गौरव बढ़ायें। इस प्रकार के आयोजनों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तरांचल प्रेस क्लब देहरादून के अध्यक्ष भूपेन्द्र कंडारी ने पत्रकारों को एकजुट होने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के समुख वर्तमान में भी बहुत चुनौतियां हैं और उनका समाधान संगठित होकर के ही किया जा सकता है। इससे पूर्व रूद्रप्रयाग प्रेस क्लब समिति के अध्यक्ष कुलदीप राणा आजाद ने सभी अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी महानुभावों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने समिति के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। साथ ही एक मांग पत्र भी उन्होंने मुख्य अतिथियों के सम्मुख रखा। कार्यक्रम में पूरे जीवन पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भागीदारी करने वाले वयोवृद्ध पत्रकार कैलाश खण्डूरी को उनके योगदान को देखते हुए रूद्रप्रयाग प्रेस क्लब समिति द्वारा उन्हें लाइफ टाइम अचींमेंट अर्वाड 2025 दिया गया। उनका सॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया साथ ही प्रशित पत्र व स्मृति चिन्ह भी दिया गया। प्रशासनिक सेवा के लिए डॉ जी एस खाती, मुख्य विकास अधिकारी रूद्रप्रयाग, निकिता भट्ट, ई ओ नगर पंचायत अगस्त्यमुनि, जनसेवा के लिए कुलदीप सिंह कण्डारी, निर्वतमान सदस्य जिला पंचायत सिल्ला बामणगांव, विनोद राणा, निर्वतमान सदस्य जिला पंचायत कालीमठ, शशि नौटियाल निवर्तमान प्रधान सेमा भरदार, स्वास्थ्य सेवा में डॉ आनंद बोहरा, डॉ0 संजय बगवाड़ी, दर्शनी देवी रावत, सामाजसेवा में हेल्पेज इण्डिया, श्री बदरी केदार श्रम समिति, उपहार समिति गुप्तकाशी, हेमलता बहन, त्रिलोचन प्रसाद भट्ट , रक्तदान के क्षेत्र में शैलेन्द्र गोस्वामी, , स्वरोजगार और पर्यटन सेवा में कैलाश पुष्पवान, जगदंबा नौटियाल, दिनेश सिंह चौधरी, राकेश बिष्ट , पूरण सिंह नेगी, लक्ष्मण सजवाण, हरिओम ज्वैलर्स , गिरजेश सेमवाल, केशव डोभाल एवं पीयूषा, लोकवाद्य संरक्षण में सचिदा लाल टमटा, लोकगीत संरक्षण के लिए आरती गुसाई, महिला सशक्तिकरण के लिए लक्ष्मी नेगी एवं बाल कलाकर श्रेष्ठवर्द्धन राणा को सॉल ओढ़कर प्रशित पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने राम सेवक कैलखुरी के निधन पर शोक व्यक्त किया

देहरादून, (वीअ)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेवानिवृत सहायक निदेशक सूचना मलकेश्वर प्रसाद कैलखुरी के छोटे भाई राम सेवक कैलखुरी के निधन पर दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

### एचसीएल टेक ने अपने अर्ली कैरियर प्रोग्राम टेकबी के लिए आमंत्रित किए आवेदन

देहरादून, (वीअ)। दुनिया की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एचसीएल टेक ने अपने टेकबी कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित करने की घोषणा की है। इस खास प्रोग्राम की मदद से छात्रों को कक्षा 12 के बाद अपना करियर शुरू करने का बेहतरीन मौका मिलेगा।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता / प्रथम द्वारा ई–टेन्डर जिनके बंद होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 330-DRM-MB-24-25 Dt : 13.02.2025 |
| कार्य का नाम | Protection of railway cess along track by providing geotubes, porcupines, stone boulder at Br. No 1248 under ADEN/RK |
| निविदा का प्रकार | Works |
| अनुमानित लागत | 99,01,373.64 |
| धरोहर राशि | 1,98,000.00 |
| टेन्डर क्लोसिंक दिनांक/समय | 03.03.2025 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 17.02.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 माह |

टेन्डर नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 14.02.2025 516/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और ठगी के मामले में जांच शुरू

देहरादून, (वीअ)।शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व लाखों रूपये ठगने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। मिली जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी निवासी युवती ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मुलाकात संदीप पुत्र मोहन सिंह निवासी कोटियाल रोड, दिनकर विहार, विकासनगर, उत्तराखंड जो इस समय यूजेवीएन में इंजीनियर त्यूनी, डाकपत्थर उत्तराखंड के पद मे कार्य कर रहा है। उसने अपनी प्रोफाइल आईडी शादी के उद्देश्य से बनाई थी जिसमें संदीप द्वारा भी अपनी एक आईडी बनाई हुई थी जिस कारण उसकी व संदीप की आपस में बातचीत होनी शुरू हो गई और दोनों ने आपस में अपना फोन नंबर एक्सचेंज कर मुलाकात व जान पहचान सही तरीके से बढ़ाने की कोशिश की और सबसे पहले उसको रेस्टोरेंट जो की बलीवाला के निकट स्थित है उसमें मुलाकात कि गई। संदीप द्वारा उसको आश्वासन दिया और कहा की वह उससे बेहद प्रेम करता है और शादी करने का इच्छुक है जिसके बाद उसको संदीप पर पूरा विश्वास हो गया और उसकी हर एक बात को सच मानकर और विश्वास करके बातचीत व मुलाकात करती रही।

# जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में ब्लड बैंक निर्माण कार्य प्रारम्भ



देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। जिलाधिकारी सविन बंसल जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं एवं जन सामान्य से संबंधित विषयों एवं समस्याओं पर गंभीर हैं। जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक स्थापित करना डीएम की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। जिसके परिणाम स्वरूप जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में धनराशि ? 142.91 लाख से ब्लड बैंक का निर्माण शुरू हो गया है। जल्द ही जिला चिकित्सालय का अपना ब्लड बैंक होगा जिससे मरीजों एवं तीमारदारों को काफी राहत मिलेगी। जिलाधिकारी सविन बसंल स्वयं ब्लड बैंक निर्माण कार्यों की प्रगति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ब्लड बैंक स्थापित होने से जहां जिला चिकित्सालय को अपन ब्लड बैंक मिलेगा वहीं जनमानस मरीजों आगंतुकों को रक्त की आवश्यकता होने पर भटकना नहीं पड़ेगा। जिलाधिकारी सविन बसंल ने डीएम देहरादून का पदभार ग्रहण करते ही जनमानस से जुड़े सभी विषयों पर गंभीर हैं लोकसेवक के रूप जनमानस के उनके दायित्वों को निर्वहन करने में सदैव तत्पर रहे हैं। उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने का कार्य कर रहे, चिकित्सालय में ब्लड बैंक निर्माण कार्यों से लेकर एसएसएनसीयू संचालित करना, चिकित्सालय में आशा घर, उप जिला चिकित्सालय में आईसीयू संचालित करना, विकासनगर चिकित्सालय में मरीजों हेतु निशुल्क भोजन, चिकित्सालयों दवाई कांउटर बढाने, प्रेमनगर में ओटी संचालन, साहिया में अल्ट्रायाउंड मशीन स्थापित करने तथा रोस्टरवार रेडियोलॉजिस्ट की डयूटी लगाने, जिला चिकित्सालय के एसएसएनसीयू, आधुनिक टीकाकरण तथा नारीनिकेतन के लिए डेडिकेटेड एम्बुलेंस आदि अनेक कार्य स्वास्थ्य क्षेत्र में किये है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई–टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 331-DRM-MB-24-25 Dt. 13.02.2025 |
| कार्य का नाम | Manufacturing, supplying & Loading, leading, unloading & stacking of 25000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway specification including loading of ballast into Rly. Wagons / hoppers at Mandi Dhanaura depot under Sr.DEN/C/MB. |
| टेंडर क्लोसिंग दिनांक | 10.03.2025 |
| टेंडर क्लोसिंग समय | 16:00 Hrs. |
| अनुमनित लागत (रु.) | 3,34,48,250.00 |
| धरोहर राशि (रु.) | 3,17,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 24.02.2025 |

टेंडर नं.: Sr. DEN-C/Publication/23-24 दिनांक: 13.02.2025 511/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# यूसीसी को लेकर कांग्रेस और भाजपा में जुबानी जंग

देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भले ही उत्तराखंड में लागू हो गया हो लेकिन यूसीसी को लेकर कांग्रेस और भाजपा के नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने यूसीसी की तुलना मां गंगा और कुंभ से किए जाने पर आपत्ति जताई है तो वहीं अब भाजपा के नेता भी हरीश रावत और कांग्रेस को तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अभी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जब प्रयागराज में कुंभ स्नान के लिए गए थे तो इस दौरान साधु संत समाज द्वारा यूसीसी लागू करने पर उन्हें सम्मानित किया गया था। यहां अपने संबोधन में सीएम धामी ने यूसीसी पर बोलते हुए कहा था कि जिस तरह से देवभूमि में निकलकर मां गंगा पूरे देश का कल्याण करती है ठीक वैसे ही यूसीसी जिसकी शुरुआत उत्तराखंड से हुई है देशभर के समाज के लिए हितकारी साबित होगी।

मुख्यमंत्री धामी द्वारा यूसीसी की तुलना मां गंगा व कुंभ से किए जाने पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने आपत्ति जताते हुए कहा कि मां गंगा से यूसीसी की तुलना करना गलत है। मां गंगा तो सभी का कल्याण करती है लोग इसके जल का आचमन कर पवन होते हैं जबकि यूसीसी ने देवभूमि को गंभीर आघात दिए हैं हमारी संस्कृति को विलुप्त करने का काम किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के इस बयान पर विधायक दिलीप रावत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस नेता हरीश रावत के बारे में सभी जानते हैं कि वह किस तरह की तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा है कि जिस तरह गंगा किसी भी जाति धर्म और संप्रदाय के लोगों में भेदभाव नहीं करती है ठीक वैसे ही यूसीसी के नियम कानून भी सभी की समानता के लिए काम करेंगे। सभी के लिए एक समान अवसर होंगे एक जैसे नियम होंगे इसलिए यूसीसी की तुलना गंगा से किया जाना कतई भी गलत नहीं है।

उधर यूसीसी को लेकर एससी के युवाओं के लिए पंजीकरण जरूरी न होने पर भी विवाद जारी है। तथा कुछ सामाजिक संगठन इसके विरोध में प्रदर्शन आदि करने में जुटे हैं जबकि प्रदेश में यूसीसी लागू हो चुका है।

# व्यापार मेला 6 से 9 मार्च तक इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर ग्रेटर नोएडा में

हरिद्वार, (वीअ)। उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडिया वुड, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। 2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, बांद्रा–कुर्ला काम्प्लैक्स, बांद्रा (पूर्व) मुम्बई–400051
कॉर्पोरेट कार्या.: आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर्स, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई–400059
शाखा कार्या.: प्रथम तल, खसरा नं. 110/1 एवं 110/2, मौजा कनवाली, आर.डी. टॉवर, जीएमएस रोड, परगना सेन्ट्रल दून, देहरादून–248001

जैसा कि आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूत हित अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्जदारों को कथित सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक मांग सूचना जारी की।
कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल रहे हैं इसलिए कर्जदार और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथि को कथित नियम के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा अपने पास ले लिया है। विशेषकर कर्जदार और आम जनता को एतद्द्वारा कथित सम्पत्ति को कोई भी लेनदेन के लिए सचेत किया जाता है और कथित सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा। कर्जदारों का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का विवरण/कब्जे की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि रु. | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सलमा अंजुम (कर्जदार), रहीस अहमद (सह–कर्जदार) एलएचसीटीडी00001543597 | 370 आवासीय मकान खसरा नं. 370 का भाग प्लॉट नं. 01 मौजा भारूवाला ग्रांट कैंट एरिया परगना सेन्ट्रलदून तहसील एवं जिला देहरादून 1 देहरादून उत्तराखंड 248007 जो घिरा है: उत्तरः श्री सक्सेना की भूमि/22.6 फीट, दक्षिणः 18 फीट रोड/22.6 फीट, पूर्वः श्री दीपक की भूमि/35.10 फीट, पश्चिमः अन्य की भूमि/35.10 फीट/कब्जे की तिथि. 10 फरवरी 2025 | 12.11.2024 रु. 21,43,291.74/– | सेन्ट्रल देहरादून |

उपरोक्त वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का समय दिया जाता है अन्यथा बंधक सम्पत्ति को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 30 दिन बाद बिक्री के लिए रखा जाएगा।
दिनांकः 15 फरवरी, 2025, स्थानः देहरादून — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लि.

UTTAM SUGAR

उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः गांव लिब्बरहेड़ी, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखंड)
सीआईएनः L99999UR1993PLC032518, फोन नंबरः 0120 – 4525000
वेबसाइट – www.uttamsugar.in, ईमेल आईडीः – investorrelation@uttamsugar.in

31 दिसम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की समाप्ति के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों के विवरण

लाख रुपयों में (ईपीएस छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | समेकित | | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 3 महीने (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 3 महीने (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 9 महीने (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 9 महीने (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 3 महीने (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 3 महीने (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 9 महीने (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 9 महीने (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 40482 | 52002 | 124867 | 158793 | 42589 | 52002 | 128501 | 158793 | 205552 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर, असाधारण और/या असामान्य मदों से पूर्व) | 4380 | 5861 | 3505 | 12150 | 4060 | 5861 | 3031 | 12150 | 17882 |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद) | 4380 | 5861 | 3505 | 12150 | 4060 | 5861 | 3031 | 12150 | 17882 |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद) | 3251 | 4347 | 2331 | 9007 | 3007 | 4347 | 2173 | 9007 | 13221 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (इसमें अवधि के लिए लाभ (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल हैं) | 3222 | 4299 | 2352 | 8982 | 2978 | 4299 | 2194 | 8982 | 13141 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक रु. 10/–) | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 |
| 7 | अन्य इक्विटी (जैसा पिछले वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र में दिखाई गई है) | 65,791 (31.03.2024 को) | | | | | | | | |
| 8 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक रु. 10/–) (जारी और समाप्त परिचालनों के लिए) | | | | | | | | | |
| | 1. मूल (रुपयों में): | 8.52 | 11.40 | 6.11 | 23.62 | 8.18 | 11.40 | 5.89 | 23.62 | 34.67 |
| | 2. परिसमाप्त (रुपयों में): | 8.52 | 11.40 | 6.11 | 23.62 | 8.18 | 11.40 | 5.89 | 23.62 | 34.67 |

नोटः
1) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर 31.12.2024 को समाप्त तिमाही/नौ महीनों के की समाप्ति के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 31 दिसम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही/नौ महीनों की समाप्ति के लिए वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.uttamsugar.in) पर उपलब्ध है।
2) समेकित वित्तीय परिणामों में सहयोगी कंपनी : उत्तम डिस्टिलरीज़ लिमिटेड के परिणाम शामिल हैं:

स्थानः नोएडा
दिनांकः 14 फरवरी, 2025

कृते उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड
हस्ता/–
(राज कुमार अदलखा)
प्रबंध निदेशक